प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 13.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी।

2– छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय सत्र अट्‌ठारह नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

3– रायपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में आज प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया–राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती आज की सबसे बड़ी आवश्यकता।

4– राज्य में परसों पंद्रह नवंबर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी– सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल ऐप' शुरू किया।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**केंद्रीय मंत्रिमंडल–ऋण आश्वासन योजना**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को शत–प्रतिशत ऋण का आश्वासन प्रदान करती है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ रूपए के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना की मंजूरी से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा तथा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। यह योजना बीस हज़ार करोड़ रूपए तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी।

**विधानसभा सत्र**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एकदिवसीय सत्र अट्‌ठारह नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पच्चीस वर्षों की संसदीय यात्रा पर केंद्रित विषयों पर चर्चा की जाएगी। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने इस सत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

**जनदर्शन कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आज जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

जनदर्शन के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ ही अलग–अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांग और समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अनेक लोगों को आर्थिक अनुदान स्वीकृत करने के साथ ही दिव्यांगों को उनकी जरूरत के उपकरण और यंत्र भी सौंपे।

**ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव**

नई दिल्ली में कल ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें देशभर से आए उद्यमियों, नीति–निर्माताओं और स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स ने हिस्सा लेकर नवाचारों को प्रदर्शित किया। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्टार्टअप्स के स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों से संवाद किया तथा उनके उत्पादों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को जनजातीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

**कृषि विवि–संगोष्ठी**

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज प्राकृतिक खेती विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग केवल उतना ही होना चाहिए, जितना जरूरी हो। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए अगर प्रभावी कदम अभी नहीं उठाए गए तो भविष्य में जल संकट और तेज़ी से बढ़ेगा।

संगोष्ठी को कृषि मंत्री रामविचार नेताम, कृषि उत्पादन आयुक्त और सचिव शहला निगार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पद्मश्री साबरमती सहित कई उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया।

**माओवादी–शिनाख्त**

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में बीते ग्यारह नवंबर को हुई मुठभेड़ में मारे गए सभी छह माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इन माओवादियों पर कुल सत्ताईस लाख रूपये का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि डीवीसीएम सदस्य कन्ना ऊर्फ बुचन्ना कुड़ियम और डीवीसीएम उर्मिला पर आठ–आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता पर कहा कि यह उपलब्धि पुलिस बलों के उत्कृष्ट समन्वय, साहस और सटीक रणनीति का परिणाम है।

**कॉपर कॉन्सन्ट्रेट–चीन**

नवा रायपुर स्थित मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क से बारह हजार मीट्रिक टन कॉपर कॉन्सन्ट्रेट चीन के लिए रवाना किया गया है। इस श्रृंखला की पहली खेप बाईस सौ मीट्रिक टन की रही, जो ग्यारह नवम्बर को विशाखापट्टनम पोर्ट के लिए भेजी गई, जहां से इसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजा जाएगा। इस निर्यात के साथ छत्तीसगढ़ ने अपने खनिज और औद्योगिक उत्पादन को अंतरराष्ट्रीय व्यापार गलियारों से जोड़ने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाया है। यह कदम भारत के लॉजिस्टिक्स मानचित्र पर छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रासंगिकता को और सुदृढ़ करता है।

**धान खरीदी/तुहर टोकन मोबाइल ऐप**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी परसों पंद्रह नवंबर से शुरू होगी। इससे पहले, राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल ऐप' शुरू किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान हर दिन सुबह आठ बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन के लिए आवेदन कर सकेंगे।

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीमांत किसान को एक टोकन, लघु किसान को दो टोकन और बड़े किसानों को अधिकतम तीन टोकन प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नया टोकन बनाने के लिए रविवार से शुक्रवार तक सुबह आठ से शाम पांच बजे तक समय–सीमा निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी सात खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे।

**आदिवासी संग्रहालय**

केन्द्र की मोदी सरकार जनजातीय समुदायों की संस्कृति और उनकी विरासत का संवर्धन और संरक्षण करने के लिए अनेक पहल कर रही है। देश के जनजातीय समुदायों की स्वतंत्रता आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस योगदान को सामने लाने के लिए देशभर में ग्यारह जनजाति स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं। अब तक रांची, छिंदवाड़ा, जबलपुर और रायपुर में ऐसे आदिवासी संग्रहालय स्थापित किए जा चुके हैं। रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक और जनजाति स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का शुभारंभ बीते एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। यह संग्रहालय अपनी विशेषताओं के कारण देशभर में एक अलग पहचान बना रहा है।

**(वाईस ओवर – 45 सेकेण्ड)**

रायपुर का शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक और जनजाति स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय छत्तीसगढ़ के जनजातीय प्रतिरोध की कहानी का सजीव चित्रण करता है। यहां आदिवासियों के विभिन्न स्वतंत्रता आंदोलनों जैसे – हलबा, भूमकाल, सरगुजा क्रांति के साथ ही परलकोट, तारापुर, लिंगागिरी और मुरिया जैसी क्रांतियां दर्शाई गई हैं। इसके अलावा रानी चो–रिस क्रांति जैसे महिलाओं के प्रतिरोध को भी यहां दिखाया गया है। यह संग्रहालय ब्रिटिश अत्याचार के विरूद्ध आदिवासियों के प्रतिरोध और उनकी शहादत का वर्णन करता है। छह सौ पचास मूर्तियों और डिजिटल कहानी–कथन के माध्यम से यह संग्रहालय सीखने के साथ प्रेरणा का राष्ट्रीय केंद्र बन गया है।

**ट्रेन परिचालन**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के चांपा–खरसिया सेक्शन के सारागांव स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से आज से सत्रह नवंबर कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। सत्रह नवंबर तक बिलासपुर–रायगढ़–बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं, गोंदिया से चलने वाली गोंदिया–झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर तक ही चलेगी। इसी प्रकार, झारसुगुड़ा से चलने वाली झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होकर गोंदिया तक जाएगी।

**भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल से **भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले** का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में देश के सभी राज्यों सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उद्योगपति और निवेशक शामिल होंगे। मेले में एक भारत–श्रेष्ठ भारत की थीम पर छत्तीसगढ़ का पवेलियन बनाया जा रहा है, जिसमें राज्य के औद्योगिक विकास की झलक दिखाई देगी।

**ईडी–चैतन्य बघेल संपत्ति कुर्क**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की करीब इकसठ करोड़ बीस लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कुर्क की गई संपत्ति में तीन सौ चौंसठ आवासीय प्लॉट और खेती की जमीनें हैं, जिनकी कीमत करीब साठ करोड़ रुपये है। वहीं, बैंक खातों में जमा राशि और फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में एक करोड़ चौबीस लाख रुपये जब्त किए गए हैं। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि चैतन्य बघेल ने रियल एस्टेट कंपनी 'बघेल डेवलपर्स' के जरिए अवैध कमाई को वैध करने की कोशिश की।

गौरतलब है कि चैतन्य बघेल को ईडी ने बीते अट्ठारह जुलाई को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे जेल में हैं।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– बिहार विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती कल सुबह आठ बजे शुरू होगी। कल ही परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि बिहार के दो सौ तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों के लिए दो चरणों में मतदान हुआ था।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल चौदह नवंबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल रायपुर में "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प" के साथ नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>